# MP BOARD CLASS 10 HM SOCIAL SCIENCE MODEL PAPER SET 1 2020

म.प्र. बोर्ड कक्षा 10 HM सामाजिक विज्ञान मोडल पेपर सेट 1 2020

समय : 3 घण्टा पूर्णांक : 100

निर्देश- (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न-पत्र में दिये गये निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ एवं अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। कुल 5x5=25

अंक हैं। (iv) प्रश्न क्रमांक 6 से 26 तक आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

(v) प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। उत्तर की शब्द सीमा 30 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। उत्तर की शब्द सीमा 75 शब्द है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 15 से 21 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। उत्तर की शब्द सीमा 120 शब्द है।

(viii) प्रश्न क्रमांक 22 से 26 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। उत्तर की शब्द सीमा 150 शब्द है।

(ix) प्रश्न क्रमांक 22 का उत्तर दिये गये निर्देशानुसार भारत के रेखा मानचित्र पर दर्शाइए।

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनिए- 1x5=5

(अ) भूकम्प की दृष्टि से भारत का अत्यधिक प्रभावित क्षेत्र है

(i) कच्छ (ii) अरावली पर्वत (iii) उड़ीसा तट (iv) गोवा।

(ब) झण्डा सत्याग्रह का प्रारम्भ मध्य प्रदेश के किस शहर से हुआ था?

(i) इन्दौर (ii) सागर (iii) जबलपुर (iv) भोपाल।

(स) भारत के संविधान में कितने अनुच्छेद हैं?

(i) 395 (ii) 345 (iii) 370 (iv) 320.

(द) सिंचाई से सम्बन्धित योजना है-

(i) निर्मल नीर योजना (ii) सहस्त्र धारा योजना (iii) वन्य उपयोजना (iv) भूमिशिल्प योजना।

(ड) भारत में 'सेवा कर' किस वित्तीय वर्ष से प्रारम्भ किया गया था?

(i) 1985-86 (ii) 1990-91 (iii) 1994-95 (iv) 1999-2000.

उत्तर-(अ) (i), (ब) (iii), (स) (i), (द) (i), (इ) (iii)।

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए- 1x5=5

(अ) वायसराय ............... की प्रतिक्रियावादी नीति प्रजातीय भेदभाव से परिपूर्ण थी।

(ब) संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष ...............थे।

(स) चीन में ............... के परिवार को आदर्श माना गया है।

(द) अर्थव्यवस्था का ............... क्षेत्रों में विभाजन किया गया है।

(इ) बिजली के उपकरणों पर .............. का चिह्न रहता है।

उत्तर-(अ) लॉर्ड लिटन, (ब) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, (स) एक बच्चे, (द) तीन, (इ) आई. एस. आई.।

प्रश्न 3. सत्य/असत्य बताइए- 1x5=5 http://www.mpboardonline.com

(अ) 1857 के संग्राम के समय भारत के गवर्नर जनरल लॉर्ड डलहौजी थे।

(ब) राज्यसभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या 250 है।

(स) आर्थिक विकास एक सतत् एवं निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है।

(द) कृषि उत्पादों की गुणवत्ता को प्रभावित करने वाले चिह्न को एगमार्क कहते हैं।

(ड) भारतीय अर्थव्यवस्था में पूँजीवादी प्रणाली को अपनाया जाता है।

उत्तर-(अ) असत्य, (ब) सत्य, (स) सत्य, (द) सत्य, (इ) असत्य।

प्रश्न 4. सही जोड़ी बनाइए- 1x5=5

| | |
|---|---|
| 1. दचिगाम | (क) बांग्लादेश |
| 2. कपास | (ख) नेपाल |
| 3. मुक्ति वाहिनी सेना | (ग) महाराष्ट्र |
| 4. कोणार्क | (घ) जम्मू एवं कश्मीर |
| 5. यूनाइटेड टेलीकॉम | (ङ) सूर्य मन्दिर |

उत्तर-1.→ (घ), 2. → (ग),3.→ (क),4.→ (ङ),5.→ (ख)।

प्रश्न 5. एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए- 1x5=5

(अ) भारत में सूती वस्त्र उद्योग की राजधानी है।

(ब) इण्डियन एयरलाइन्स का मुख्यालय कहाँ है?

(स) राज्य की कार्यपालिका का प्रधान कौन होता है?

(द) स्व-सहायता समूहों के माध्यम से बांग्लादेश में ग्रामीण बैंकों की स्थापना किसने की?

(इ) उपभोक्ता को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने को क्या कहा जाता है? http://www.mpboardonline.com

उत्तर-(अ) मुम्बई, (ब) दिल्ली, (स) मुख्यमंत्री, (द) मोहम्मद यूनुस ने, (इ) उपभोक्ता जागरूकता।

प्रश्न 6. मृदा संरक्षण से आप क्या समझते हैं? 2

अथवा

'गुलाबी क्रान्ति क्या है?

प्रश्न 7. 1857 की क्रान्ति के प्रमुख केन्द्र कौन-कौन से थे ? 2

अथवा

सहायक सन्धि व्यवस्था क्या थी? इसको किसने लागू किया था?

प्रश्न 8. प्रति व्यक्ति आय क्या है? इसकी गणना का सूत्र लिखिए। 2

अथवा

मानव विकास के संकेतक बनाने का मुख्य उद्देश्य लिखिए।

प्रश्न 9. ज्ञान आधारित समाज किसे कहते हैं? 2

अथवा

प्राथमिक क्षेत्र को उदाहरण देकर समझाइए।

प्रश्न 10. उपभोक्ता शोषण के दो प्रकार बताइए। 2

अथवा

सूचना का अधिकार क्या है?

प्रश्न 11. श्वेत क्रान्ति क्या है? 3

अथवा

वर्षा जल का संग्रहण क्यों जरूरी है?

प्रश्न 12. सामाजिक वानिकी योजना क्या है? 3

अथवा

शक्ति के संसाधनों का संरक्षण क्यों आवश्यक है?

प्रश्न 13. 1857 के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम के उत्तरदायी चार कारण लिखिए। 3

अथवा

सन् 1857 ई. की क्रान्ति में मंगल पाण्डे की क्या भूमिका रही?

प्रश्न 14. अंग्रेजों की आर्थिक शोषण की नीति ने भारतीय कुटीर उद्योगों को कैसे प्रभावित किया? अपने उत्तर को उदाहरण देकर समझाइए। 3

अथवा

'राष्ट्रीय शिक्षा परिषद' की स्थापना क्यों की गई थी?

प्रश्न 15. लोहा-इस्पात उद्योग आधारभूत' उद्योग क्यों कहलाता है? 4

अथवा

जल प्रदूषण को नियन्त्रित करने के उपाय लिखिए। (कोई चार)

प्रश्न 16. इण्टरनेट से क्या तात्पर्य है? http://www.mpboardonline.com 4

अथवा

भारत में निर्यात संवर्द्धन के लिए किए गए प्रयासों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 17. आपदा प्रबन्धन से क्या आशय है? 4

अथवा

महामारी कैसे फैलती है?

प्रश्न 18. जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड की घटना को लिखिए। 4

अथवा

जंगल सत्याग्रह क्या था? लिखिए।

प्रश्न 19. महाराजा हरी सिंह ने भारत सरकार से सहायता कब और क्यों माँगी थी? 4

अथवा

भारत और चीन युद्ध के क्या परिणाम हुए?

प्रश्न 20. समाजवादी एवं पंथ निरपेक्षता का आशय समझाइए। 4

अथवा

संविधान की अवधारणा और आवश्यकता को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 21. आर्थिक प्रणाली का अर्थ बताते हुए इसकी विशेषताएँ लिखिए। 4

अथवा पूँजीवाद के दोषों की व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 22. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए 5

(i) अरावली, (ii) छोटा नागपुर का पठार, (iii) नर्मदा, (iv) बंगाल की खाड़ी, (v) कन्याकुमारी।

अथवा

प्रमुख संकेत स्पष्ट कीजिए-

(i) कुहरा, (ii) सम्पूर्ण मेघाच्छादन, (ii) हिम, (iv) मन्द समीर, (v) प्रबल समीर।

प्रश्न 23. भारत छोड़ो आन्दोलन की असफलता के क्या कारण थे? कोई पाँच कारण लिखिए। 5

अथवा

भारतीय स्वाधीनता अधिनियम क्या है? इसके प्रमुख प्रावधानों को लिखिए।

प्रश्न 24. कश्मीर समस्या क्या है? विस्तार से समझाइए। 5

अथवा

सन् 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के परिणाम लिखिए।

प्रश्न 25. प्रधानमंत्री के कार्य लिखिए। 5

अथवा सर्वोच्च न्यायालय की शक्तियों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 26. जनसंख्या वृद्धि के प्रमुख कारण लिखिए। (कोई पाँच) 5

अथवा

साम्प्रदायिकता के पाँच कारण लिखिए।